निगमित संप्रेषण एवं निवेशक संबंध

प्रधान कार्यालय : लोकमंगल, शिवाजीनगर, पुणे – 5

फोन: 020-25614495, 25614366, 25514501 से 12 विस्तार. 495

प्रेस विज्ञप्ति

बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने रायगढ़ जिले के महाड में राहत सामग्री वितरित की

पुणे, **28** जुलाई, 2021: बैंक ऑफ महाराष्ट्र देश का सार्वजनिक क्षेत्र का एक प्रमुख बैंक है। बैंक ने रायगढ़ जिले के महाड में बाढ़ से प्रभावित लोगों को सहयोग करते हुए राहत सामग्री वितरित की। श्री विजय कांबळे, महाप्रबंधक, संसाधन आयोजना के नेतृत्व में श्री अरुण एफ. कबाडे, महाप्रबंधक, समन्वित जोखिम प्रबंधन और श्री सुरेंद्र देवकर, अंचल प्रबंधक, नवी मुंबई अंचल के साथ पुणे की एक टीम ने रायगढ़ जिले में बाढ़ प्रभावित गांवों खरवली, बीरवाड़ी और तळीये को भेंट दी। बाढ़ प्रभावित लोगों को खाद्य सामग्री, चादरें, तौलिये, कंबल जैसी बेसिक सर्वाइवल किट से युक्त राहत सामग्री के वितरण के इस अवसर पर, श्रीमती ज्ञानदा फणसे, उप सीईओ जिला परिषद, रायगढ़ भी उपस्थित थे। श्री विजय कांबळे और श्री अरुण कबाडे ने भी क्षेत्र के प्रभावित लोगों से बातचीत की और उनकी स्थिति की जानकारी ली। श्रीमती ज्ञानदा फणसे और स्थानीय लोगों ने बैंक और उसके प्राधिकारियों द्वारा किए गए प्रयासों की सराहना की।

सामाजिक उत्तरदायित्व के अंतर्गत, बैंक ऑफ महाराष्ट्र ने महाराष्ट्र राज्य के बाढ़ प्रभावित रायगढ़ जिले में राहत सामग्री का वितरण शुरू किया।

बैंक ऑफ महाराष्ट्र अपने प्रयासों को जारी रखेगा तथा प्रभावित लोगों की बेहतरी के लिए योगदान देता रहेगा।